दिन–बुधवार दिनांक– 12 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में भीषण गर्मी के कारण आम जन जीवन हुआ प्रभावित। आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों को गर्मी से बचने की सलाह दी।

02. नवगठित अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र चौबीस जून से होगा शुरू। तीन जुलाई तक चलेगा सत्र।

03. राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन में प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ आज समीक्षा बैठक की।

04. और, प्रदेश के विभिन्न इलाकों में हुई सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत। नौ अन्य घायल।

———————————————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप के कारण आम जन जीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले दो दिन तक गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। विभाग ने राजधानी पटना समेत प्रदेश के चौदह जिलों में भीषण गर्मी का रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान छियालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान बयालीस दश्मलव सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच, मौसम विभाग ने कहा है कि पंद्रह जून से प्रदेश के कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना है। इससे तापमान में गिरावट हो सकती है। इधर, पटना जिला प्रशासन ने भीषण गर्मी और हीट वेव के कारण सभी कोचिंग संस्थानों को पन्द्रह जून तक बंद करने का आदेश जारी किया है।

———————————————————————————

इधर, भीषण गर्मी के कारण शेखपुरा जिले के बेलछी गांव में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के छात्रावास में तीन छात्राएं बेहोश हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालिकाओं को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

———————————————————————————

भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों से अत्यधिक सतर्कता बरतने की अपील की है।

———बाईट———

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश में भीषण गर्मी और लू के मद्देनजर सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, अनुमंडल अस्पताल और सदर अस्पतालों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिये हैं। आपदा प्रबंधन विभाग और जिलाधिकारियों के साथ हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही संवेदनशील स्थानों पर पानी के टैंकर की व्यवस्था करने और भू–जल स्तर पर निगरानी रखने के भी निर्देश दिये हैं।

———————————————————————————

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र चौबीस जून से शुरू होगा। सत्र तीन जुलाई तक चलेगा। वहीं, राज्यसभा का सत्र सत्ताईस जून से शुरू होगा। सत्र के दौरान नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जायेगी और लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव किया जायेगा। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू संसद के दोनों सदनों को सम्बोधित करेंगी और उनके अभिभाषण पर चर्चा होगी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। श्री रिजिजू ने कहा कि जनता निर्णय ले चुकी है और अब देश की सेवा के लिए कार्य करना हमारा कर्तव्य है। श्री रिजिजू ने कहा कि एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने और चर्चा के लिए संसद एक आदर्श मंच है।

समाचार कक्ष से कामिनी ठाकुर।

———————————————————————————

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने भारतमाला श्रृखंला–दो के तहत बिहार से जुड़े गोरखपुर–सिलिगुड़ी और रक्सौल–हल्दीया एक्सप्रेस–वे को मंजूरी दे दी है। उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि रक्सौल–हल्दीया एक्सप्रेस–वे के तहत प्रदेश में तीन सौ सड़सठ किलोमीटर सड़क का निर्माण होगा। उन्होंने बताया कि इसके तहत पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, लखीसराय, जमुई और बांका जिले में सड़क निर्माण किया जाएगा। श्री सिन्हा ने बताया कि गोरखपुर–सिलिगुड़ी एक्सप्रेस–वे के तहत चार सौ सोलह किलोमीटर लंबी सड़क बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके तहत पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में सड़क निर्माण किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि केन्द्र सरकार की ओर से इससे पहले वाराणसी–कोलकात एक्सप्रेस–वे की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इसके तहत एक सौ सत्तर किलोमीटर सड़क बिहार से गुजरेगी।

———————————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने नीट दो हजार चौबीस परीक्षा के परिणाम की घोषणा के बाद अक्सर पूछी जाने वाली प्रश्नावली जारी की है। इस महीने की चार तारीख को

घोषित किए गए नीट परिणामों में कथित विसंगतियों के मद्देनजर यह प्रश्नावली जारी की गई है। परीक्षार्थियों को समय की हानि के लिए कृपांक देने में शिकायत निवारण समिति की भूमिका पर, एजेंसी ने कहा कि एक समिति का गठन किया गया था। समिति ने तथ्यात्मक रिपोर्टों के आधार पर शिकायतों पर विचार किया। कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा में सात सौ अठारह और सात सौ उन्नीस अंक कैसे प्राप्त कर सकता है, इस प्रश्न के उत्तर में एजेंसी ने स्पष्ट किया कि कृपांकों के कारण, दो परीक्षार्थियों को सात सौ अठारह और सात सौ उन्नीस अंक प्राप्त हुए। गौरतलब है कि, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने नीट परीक्षा में एक हजार पांच सौ से अधिक परीक्षार्थियों को दिए गए कृपांक की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय पैनल का गठन किया था।

———————————————————————————

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग—यूजीसी ने अगले शैक्षणिक वर्ष से उच्च शिक्षा संस्थानों को वर्ष में दो बार छात्रों को प्रवेश देने की अनुमति देने का निर्णय लिया है। प्रवेश अब जनवरी और फरवरी तथा जुलाई और अगस्त में खुले रहेंगे। वर्तमान में, यूजीसी विनियम एक वर्ष में एक शैक्षणिक सत्र में प्रवेश की अनुमति देता हैं। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में यूजीसी के अध्यक्ष प्रोफेसर एम. जगदीश कुमार ने कहा कि यह फैसला उन छात्रों के लिए बहुत फायदेमंद होगा जो विभिन्न कारणों से प्रवेश से चूक जाते हैं।

———बाईट———

अभी हमारा कंट्री में सभी यूनिवर्सिटी और कॉलेजिज जुलाई, अगस्त में एडमिशन करते हैं और पूरा अकादमिक ईअर मई, जून में एंड होता है। इससे स्टूडेंट्स को जुलाई, अगस्त में मिस होता है। इन्हें पूरा साल वेट करना पड़ेगा दोबारा एडमिशन लेने के लिए, तो इसलिए यूजीसी ने डिसाइड किया कि अब से सभी इंडियन यूनिवर्सिटी कॉलेजिज जुलाई, अगस्त में एक एडमिशन कर सकते हैं और जनवरी, फरवरी में दूसरा सैकेण्ड साइकिल एडमिशन भी कर सकते हैं।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रभारी मंत्रियों को बदल दिया है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और श्रवण कुमार, विजय कुमार चौधरी तथा मंगल पांडेय समेत नौ मंत्रियों को दो—दो जिलों का प्रभार मिला है। वहीं, बीस मंत्रियों को एक—एक जिले का दायित्व सौंपा गया है। गौरतलब है कि प्रत्येक जिले में जिला कार्यक्रम कार्यन्वयन समिति होती है, जो बीस सूत्री समेत अन्य सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करती है, और इन्हीं समिति के अध्यक्ष को प्रभारी मंत्री कहते हैं। इस समिति का अध्यक्ष राज्य सरकार का मंत्री और सचिव डीएम होते हैं।

———————————————————————————

राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन में प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ आज समीक्षा बैठक की। श्री आर्लेकर ने निर्देश दिया कि सभी कुलपति अपने–अपने विश्वविद्यालय के लिए एकेडमिक रोडमैप तैयार कर उसके अनुसार कार्य करें और अपने विश्वविद्यालय को सेंटर ऑफ एक्सिलेंस बनाने के लिए पूरजोर प्रयास करें। उन्होंने विश्वविद्यालयों में एकेडमिक और रिसर्च के लिए डीन की आवश्यकता पर भी बल दिया। बैठक में कुलपतियों ने आधारभूत संरचना को मजबूत करने, आंतरिक अंकेक्षण की व्यवस्था, कर्मियों की नियुक्ति, वेतन और पेंशन भुगतान, अतिथि शिक्षकों के मानदेय का भुगतानऔर आईटी सेल का गठन संबंधित मुद्‌दों की ओर कुलाधिपति का ध्यानआकृष्ट किया। बैठक को संबोधित करते हुये शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने विद्यार्थियों को केन्द्र में रखकर कुलपतियों को एक कार्य योजना बनाकर काम करने का निर्देश दिया। श्री कुमार ने कहा कि सभी लोग मिलकर काम करेंगे तो विश्वविद्यालयों की स्थिति में सुधार होगा।

———————————————————————————————

नितिन गडकरी ने आज सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री का पदभार संभाला। इस अवसर पर श्री गडकरी ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में दायित्व सौंपने के लिए प्रधानमंत्री का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत विश्वस्तरीय और आधुनिक बुनियादी ढांचे से सुसज्जित होगा। श्री अजय टमटा और श्री हर्ष मल्होत्रा ने भी सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री का पदभार संभाला। उत्तर–पूर्व क्षेत्र विकास मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में पूर्वोत्तर क्षेत्र हमेशा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता रहे हैं। श्री वी. सोमन्ना ने केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री का पदभार ग्रहण किया।

———————————————————————————————

राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के छोटे बेटे अजित सिंह ने जदयू से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने लालू प्रसाद की उपस्थिति में राजद की सदस्यता ग्रहण की।

———————————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न इलाकों में हुई सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गयी जबकि नौ अन्य घायल हो गये। सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के नेशनल हाई–वे तीन सौ सत्ताईस–ई पर ट्रक और ऑटो की सीधी टक्कर में दो महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। ऑटो में

छह लोग सवार थे। सभी मृतक त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के महेशवा पंचायत के निवासी थे। वहीं, मुंगेर जिले के श्री कृष्ण सेतु पुल पर एक तेज रफ्तार ऑटो ने खड़े ट्रक में टक्क्रर मार दी। घटना में दो लोगों की मौत हो गयी जबकि सात लोग घायल हो गये।

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा की संशोधित तिथि जारी कर दी है। इसके अनुसार यह परीक्षा सभी जिला मुख्यालयों में उन्नीस से बाईस जुलाई तक होनी संभावित है। अपर सचिव सह–परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में चार से दस जून तक अतिथि शिक्षकों से ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किये जाने के कारण परीक्षा तिथि में बदलाव किया गया है।

———————————————————————————

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में आज भारत का मुकाबला अमरीका से होगा। ये मैच न्यूयॉर्क में भारतीय समय के अनुसार रात आठ बजे से खेला जायेगा। दोनों टीम अपने दोनों मैच जीत चुकी हैं। भारत अपने ग्रुप में पहले और अमरीका दूसरे स्थान पर है।

———————————————————————————

जहानाबाद जिले के घोषी थाना क्षेत्र के घोषी बाजार में अचानक कबाड़खाना में आग लगने से लगभग बारह लाख रुपए की सम्पत्ति जलकर खाक हो गयी।

———————————————————————————

गोपालगंज जिले के नगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत एनएच सत्ताईस पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक कंटेनर से उन्नीस ऊँट बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि इस मामले में चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। बरामद ऊँटो की कीमत तीस से चालीस लाख रुपये बताई जा रही है।

———————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के भितहाँ थाना क्षेत्र की पुलिस ने गंडक नदी के भुईधरवा घाट पर नाव द्वारा तस्करी कर लायी जा रही छियासी कार्टन शराब को जब्त किया है।

———————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिला पुलिस टीम ने अपराध की योजना बना रहे पांच अपराधी को चोरी के चारपहिया वाहन और हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

कुश्ती विधा के लिए किलकारी बिहार बाल भवन, भागलपुर के एक बालक और दो बालिका का चयन खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र पटना में हुआ है। कुश्ती प्रशिक्षक वीर अभिमन्यु ने बताया कि चयनित बच्चों को चार वर्ष तक निःशुल्क कुश्ती का प्रशिक्षण राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिया जाएगा।

———————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन थाना क्षेत्र के अहमद नगर में मोटरसाईकिल सवार अपराधियों ने एक व्यवसायी को घायल कर रुपये से भरा बैग छीन लिया। डीएसपी अशोक कुमार ने बताया कि बैग में तीन लाख रुपये थे। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर........

01. प्रदेश में भीषण गर्मी के कारण आम जन जीवन हुआ प्रभावित। आपदा प्रबंधन विभाग ने लोगों को गर्मी से बचने की सलाह दी।

02. नवगठित अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र चौबीस जून से होगा शुरू। तीन जुलाई तक चलेगा सत्र।

03. राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन में प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ आज समीक्षा बैठक की।

04. और, प्रदेश के विभिन्न इलाकों में हुई सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत। नौ अन्य घायल।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।